पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

कंपनी सचिवालय

दिनांक: 30.12.2019

सं. 1:05:126 (3):1:सीएस

कार्यालय आदेश सं. सीएस/सं.08/आईटीसी/2019

विषय: ट्रेडिंग विंडो का क्लोज़र

i) 'अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण हेतु पद्धति एवं प्रक्रिया संहिता और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, उसकी मॉनीटरिंग और रिपोर्टिंग हेतु आचार संहिता' के खंड 8.0.2 के अनुसार, एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि पीएफ़सी लिमिटेड के इक्विटी शेयरों एवं सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों (कर मुक्त बॉण्डों इत्यादि) में व्यापार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो दिसंबर 31, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा के पश्चात जनवरी 1, 2020 से 48 घंटों तक बंद रहेगी। ट्रेडिंग विंडो दिसंबर 31, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा के पश्चात 48 घंटे के लिए खुलेगी।

ii) उपर्युक्त को देखते हुए, सभी निर्दिष्ट कार्मिकों एवं उनके निकटतम संबंधियों को एतदद्वारा सलाह दी जाती है कि ट्रेडिंग विंडों की क्लोज़र की उपर्युक्त अवधि के दौरान किसी भी लेन-देन में शामिल/ व्यापार न करें जिसमें पीएफ़सी के इक्विटी शेयरों/ प्रतिभूतियों की बिक्री अथवा खरीद शामिल हो।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 23 मई, 2019 के हमारे परिपत्र द्वारा अधिसूचित, संबंधित विभागाध्यक्षों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध है कि अपेक्षित अनुपालन के लिए यह अधिसूचना कंपनी के साथ संविदा अथवा न्यासीय/वैश्वासिक संबंध रखने वाले सभी व्यक्तियों जैसे लेखापरीक्षकों, लेखांकन फ़र्मों, विधि फ़र्मों, विश्लेषकों, परामर्शदाताओं इत्यादि तक संप्रेषित हो।

प्रेषिती:-

सभी संबंधित व्यक्ति ('अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण हेतु पद्धति एवं प्रक्रिया संहिता और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, उसकी मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग हेतु आचार' में परिभाषित)- कंपनी की वेबसाइट/ कंपनी के नोटिस बोर्ड द्वारा।

प्रतिलिपि:-

1. सीएस, आरईसी लिमिटेड
2. सीएस, ईईएसएल
3. सीएस, पीएफ़सीसीएल

इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय आदेश अपनी-अपनी कंपनियों में संबंधितों को सूचित करे।